आयुक्त ने एक बार फिर किया विकास भवन का औचक निरीक्षण

दूसरी बार अनुपस्थित मिले अधिशासी अभियंता

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, १२ नवम्बर। मंडलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को विकास भवन का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के कामकाज की स्थिति परखी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयों की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और जनसमस्याओं के निस्तारण की जानकारी ली। 16 अक्टूबर को किए गए पिछले निरीक्षण में जिन कार्यालयों में गंदगी और फाइलों के रखरखाव में कमियां मिली थीं, उनमें इस बार सुधार पाया गया। अन्य कार्यालयों में साफ-सफाई और व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। हालांकि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक प्रिय लगातार दूसरी बार अनुपस्थित मिले। कार्यालय में भ्रमण पंजिका भी उपलब्ध नहीं मिली। इस पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। मामला शासन स्तर पर भेजकर कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कराई जाएगी। समाज कल्याण कार्यालय में छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को मौजूद देखकर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बच्चों को समाज कल्याण कार्यालय तक आने की जरूरत क्यों पड़ रही है। विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समय से समाधान किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं का तत्परता से समाधान नहीं किए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने



समाज कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के निरीक्षण में अधिशासी अभियंता विवेक प्रिय लगातार दूसरी बार अनुपस्थित मिले। इसी दौरान भलुवान स्थित विष्णु मंदिर से आईं बुजुर्ग लीलावती साध्वी ने राशन कार्ड से जुड़ी अपनी समस्या बताई। उन्होंने बताया कि महंत गणेश दास के निधन के बाद राशन कार्ड बनवाने और उसमें आवश्यक नाम दर्ज कराने में परेशानी हो रही है। महिला की समस्या सुनते ही मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पू.रे. महाप्रबन्धक ने बस्ती स्टेशन पर रेलवे ट्रैक केटो लीड का किया जांच

गोरखपुर, १२ नवम्बर। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने आज लखनऊ मंडल के शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षित ट्रेन संचलन हेतु बस्ती स्टेशन पर रेलवे ट्रैक के टो लोड की जांच की, जो कि रेलवे ट्रैक के सुचारू कार्यशीलता का मापक होता है। साथ ही महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किये जा रहे बस्ती स्टेशन तथा बस्ती-ओरवारा स्टेशनों के मध्य बस्ती स्टेशन यार्ड में समपार संख्या 198 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने संरक्षित ट्रेन संचलन हेतु बस्ती स्टेशन पर रेलवे ट्रैक के टो लोड की जांच की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने रेलवे ट्रैक के समयबद्ध अनुरक्षण पर विशेष बल दिया। तत्पश्चात श्री बोरवणकर ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किये जा रहे बस्ती स्टेशन के ले-आउट प्लान का अवलोकन



किया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, एस्केलेटर, लिफ्ट, गुड्स साइडिंग एवं प्लेटफार्मों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं स्वच्छता के उच्च मानक को बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। महाप्रबन्धक ने यात्रियों की सुगमता हेतु पार्किंग एरिया की व्यवस्था को बेहतर करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिये। तत्पश्चात श्री बोरवणकर ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर स्थित ए.सी. लाउंज, डॉरमेट्री, महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालय, सी.सी.टी.वी. कक्ष, रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) पोस्ट तथा रेलवे आवास में आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने पैनल कक्ष को देखा। इसके उपरान्त श्री बोरवणकर ने समपार संख्या 198 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) का अवलोकन किया। श्री बोरवणकर ने सम्बन्धित अधिकारियों को पुनर्विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के अन्दर उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये रेल परिसम्पत्तियों के उचित रखरखाव, रेलवे ट्रैक के अनुरक्षण, यात्री सुविधाओं में निरन्तर सुधार, स्वच्छता तथा स्टेशन परिसर के समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

छठ पर्व: यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन के लिए अपर महाप्रबन्धक ने किया गोरखपुर जंक्शन का गहन निरीक्षण

गोरखपुर, १२ नवम्बर। पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक श्री विनोद कुमार शुक्ला ने छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए 12 नवम्बर को वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबन्धक श्री शुक्ल ने स्टेशन परिसर, अस्थाई यात्री आश्रय स्थल, प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा यात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से ट्रेनों के आगमन के पूर्व एवं उपरान्त यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाये गये सभी अस्थाई यात्री आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल कर्मियों के लिए बनाये गये गाड़ी पार्किंग के निकट बैरिकेडिंग करने तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था, स्टेशन परिसर में खाली स्थानों को साफ-सफाई कर पौधा लगाने एवं सौंदर्यीकरण करने पर जोर दिया।



इस दौरान उन्होंने मल्टी लेवल कार पार्किंग के निकट अवैध रूप से खड़े किये गाड़ियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। अपर महाप्रबन्धक श्री शुक्ल ने स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउण्टर, ए.टी.वी.एम, यात्री सहायता बूथ, खान-पान स्टॉल, प्रसाधन, पेयजल की व्यवस्था को देखा तथा यात्रियों एवं कर्मचारियों से पूछताछ की। उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि होल्डिंग एरिया में बैठने, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता तथा उद्घोषणा प्रणाली की समुचित व्यवस्था बनाए रखे और यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराते रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुरक्षा, सहायता एवं भीड़ नियंत्रण के लिए सतर्कता बरती जाए। स्टेशन परिसर में साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

प्राकृतिक औषधि है मिट्टी-डा. विमल मोदी

गोरखपुर, १२ नवम्बर। तनाव , अनिद्रा,उच्च रक्तचाप, जोड़ो नसों के दर्द, व त्वचा रोगों के नाश के लिए बुधवार को 55 लोगों ने मिट्टी से दोस्ती की। प्राकृतिक चिकित्सा दिवस (18 नवंबर)के उपलक्ष में आरोग्य मंदिर में निशुल्क सर्वांग मिट्टी लेपन आयोजित किया गया है। यह सुविधा 18 नवंबर तक है। प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक इसका लाभ लिया जा सकता है। सुबह 10 तक मिटटी स्नान किए लोगों से परिसर भरा रहा। लोगों ने मिट्टी का लेप लगवाया। आधा घंटा बाद स्नान किया सिर से पैर तक मिट्टी से नहाए लोग परिसर में जगह-जगह बैठे धूप का आनंद लेते रहे, इस दौरान उन्हें मिट्टी लेपन के फायदे के बारे में भी बताया गया। आरोग्य मंदिर के निदेशक डॉक्टर विमल कुमार मोदी ने कहा कि मिट्टी प्राकृतिक औषधि है, प्राकृतिक चिकित्सा में इसका प्रयोग किया जाता है। इसमें कई बीमारियों को नष्ट करने के गुण होते हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। इससे रोग निवारक बैक्टीरिया बढ़ते हैं और रोग कारक बैक्टीरिया नष्ट होते हैं। यह तनाव, अनिद्रा,उच्च रक्तचाप, घबराहट, बेचैनी, जोड़ों के दर्द व चर्म रोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इस विधि से नाड़ी तंत्र मजबूत होता है।आरोग्य मंदिर के सहनिदेशक डॉक्टर राहुल मोदी ने कहा कि शरीर पर मिट्टी लेपन से जहां व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं उसके सौंदर्य में निखार आता है और वह दीर्घायु होता है। इतना ही नहीं मिट्टी स्नान करने से त्वचा के अनेक रोग दूर होते हैं। डॉ मोदी ने गोरखपुर निवासियों का आह्वान किया कि वह इस प्राकृतिक चिकित्सा की सुविधा का लाभ अवश्य उठाएं।



शार्ट सर्किट से रिहायशी छप्पर जला,लाखों का सामान जला

गोरखपुर, १२ नवम्बर। गगहा क्षेत्र के गरयाकोल में शार्ट सर्किट से बुधवार की रात रिहायसी छप्पर में आग लग गयी। आग से घर में रखा 70 हजार नकदी घर में रखे सारा सामान खाक हो गया। रात करीब 11 बजे रामराज मल्लाह के घर में विद्युत मीटर में शार्ट सर्किट से चिंगारी से कपड़े में आग पकड़ ली और आग पूरे घर में फैल गयी। शोर शुनकर ग्रामीण आग बुझाने में जुट गये। हलांकि ग्रामीण जब तक आग पल काबू पाये सारा सामान नकदी खाक हो गया दुर्घटना में रामराज साहनी और दो मवेशी भी झुलस गये। रात को सूचना के बाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची थी।

बांसगांव में मां लक्ष्मी की भव्य शोभायात्रा में उमड़े लोग

गोरखपुर, १२ नवम्बर। वृहस्पतिवार को नगर पंचायत बांसगांव के वार्ड संख्या-6 दोनखर में स्थित मां लक्ष्मी की प्रतिमा के विसर्जन की शोभायात्रा हर्षोल्लास के बीच बाजेगाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया। इसमें शामिल झांकियां लोगों का मन मोह ले रहीं थीं। नगर में भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में शिवतांडव सहित 14 झांकियां शामिल रहीं। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में शामिल कलाकारों द्वारा मुख्य चौराहे पर प्रस्तुत जीवंत शिवतांडव नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इसके अतिरिक्त भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान जी, भारत माता और मां सरस्वती सहित सभी झांकियों की दर्शक मुक्तकंठ से सराहना करते रहे। शोभायात्रा में बाजेगाजे के साथ चल रहे हाथी, घोड़े ,भालू के अलावां डीजे के धुन पर आतिशबाजी के बीच फरूआही नृत्य और भांगड़ा डांस दर्शकों को भावविभोर कर दे रहा था। स्थानीय लोगों में यह भव्य धार्मिक कार्यक्रम चर्चा का विषय बना रहा। शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, चौकी प्रभारी विकास सिंह भदौरिया पुलिस के जवानों के साथ तत्पर रहे। आयोजन को सफल बनाने में वार्ड नंबर-6 के राणा प्रताप सिंह, रत्नेश्वर सिंह राजू, राजन सिंह राजपूत, सभासद रजनीश सिंह, अवनीश शाही, राजू सिंह, कुलदीप राय, रज्जाक, आशुतोष शाही, अवनीश, प्रिंस, छोटू और कृष्णा सहित समस्त क्षेत्रवासियों का योगदान सराहनीय रहा।

गोरखपुर में पहली बार होगा आस्था और संगीत का अनूठा संगम

गोरखपुर, १२ नवम्बर। शहर में पहली बार आस्था, अध्यात्म और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आर्ता इवेंट के बैनर तले 23 दिसंबर को सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में भजन क्लबिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक निखार जुनेजा अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। यह जानकारी आर्ता इवेंट की निदेशक डॉ. अर्पिता सिंह तथा सह निदेशक अर्चिता गोयल और सुमित गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में पहली बार इस तरह का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें युवाओं के साथ ही हर आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को धर्म और अध्यात्म से जोड़ना तथा उनमें आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। भजन क्लबिंग के आधुनिक और आकर्षक स्वरूप के माध्यम से युवा संगीत का आनंद लेने के साथ ही भक्ति और आध्यात्मिकता से भी जुड़ सकेंगे। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम को लेकर तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।



❖ सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में सजेगी भजनों की महफिल, गायक निखार जुनेजा बिखेरेंगे आवाज का जादू

सीएम योगी के विजन से पूर्वी यूपी में श्वेत क्रांति को नई उड़ान

गोरखपुर, १२ नवम्बर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से पूर्वी उत्तर प्रदेश में श्वेत क्रांति को नई उड़ान मिली है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से गठित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) ने अपनी स्थापना के तीन साल के भीतर ही उत्साहजनक परिणाम दिए हैं। इस एमपीओ ने लगातार दूसरे वर्ष दीपावली के अवसर पर पात्र महिला शेयरहोल्डर्स को 1.04 करोड़ रुपये का मुनाफा वितरित किया है। इसमें 72,01,786 रुपये निष्ठा प्रोत्साहन राशि के रूप में और 32,31,936 रुपये लाभांश के रूप में दिए गए हैं। यह धनराशि दुग्ध आपूर्ति के जरिए महिला सदस्यों को होने वाली नियमित आमदनी के अतिरिक्त एमपीओ के शुद्ध लाभ में से वितरित की गई है। श्री बाबा गोरखनाथ एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी के अनुसार, तीन साल के भीतर ही गोरखपुर मंडल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के सात जनपदों की 79 हजार महिलाएं इससे जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत कर रही हैं। एमपीओ का अब तक का टर्नओवर 400 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। संस्था से जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन 1.60 लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रह करती हैं। एमपीओ से जुड़ी करीब 6,800 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इनमें से 282 ऐसी लखपति दीदी हैं, जो लगातार तीन वर्षों से 10 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं। इस एमपीओ का कार्यक्षेत्र गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ और संतकबीरनगर है। एमपीओ से जुड़कर महिलाएं पशुपालन, दूध उत्पादन और दूध की नियमित आपूर्ति के जरिए स्वयं आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी मजबूत कर रही हैं। इस बार दीपावली के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पात्र महिला शेयरहोल्डर्स को 72,01,786 रुपये निष्ठा प्रोत्साहन राशि के रूप में और 32,31,936 रुपये शेयर पूंजी पर लाभांश के रूप में दिए गए। यह धनराशि उनके बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की गई है। निष्ठा प्रोत्साहन राशि महिलाओं को कारोबार में उनके योगदान के आधार पर दी गई, जबकि इक्विटी शेयर पर आठ रुपये प्रति शेयर की दर से लाभांश दिया गया।



❖ बाबा श्री गोरखनाथ कृपा एमपीओ ने महिला सदस्यों में बांटा 1.04 करोड़ रुपये का मुनाफा

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थीं जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, **HDFC** बैंक लिमिटेड ("बैंक") द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए थे जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत गिरवीकर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है। नीलामी नीचे उल्लिखित शाखा(ओं) में सुबह 9:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.स.	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)	नीलामी तिथि
1	4001367130	आलोक तिवारी	160500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, 53/52, वार्ड नं. 8, मोहल्ला इंदिरा नगर, जिला - कुशीनगर, सेवरही, उत्तर प्रदेश 274406	23-नवंबर-26
2	74775891	अनीसा फातिमा	125500		14-दिसंबर-26
3	4001384018	रमावती देवी	83000		23-नवंबर-26
4	75618309	शंभू कुमार	65000		23-नवंबर-26
5	4001169144	अतीक हुसैन वारसी	215500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, असुरन चौक, राधिका कॉम्प्लेक्स, मेडिकल रोड, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273001	14-दिसंबर-26
6	4000349637	प्रमोद कुमार	155000		23-नवंबर-26
7	4001012899	कु. स्नेहा त्रिपाठी	122000		14-दिसंबर-26
8	4000993685	प्रियांक पांडेय	255500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर, म्युनिसिपल नं. 0347ए, प्लॉट नं. 03, अराजी नं. 160, चरगांवा, राप्ती नगर हाउसिंग, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273003	14-दिसंबर-26
9	4001171565	राम प्रताप	199900	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, हामिद मंजिल, जलालपुर रोड, बसखारी, बसखारी, उत्तर प्रदेश 224129	14-दिसंबर-26
10	4001434307	संगीता वीरेंद्र पांडेय	191600		14-दिसंबर-26
11	4001509207	काजल कश्यप	111400		23-नवंबर-26
12	4001690629	धर्मेंद्र यादव	100600		14-दिसंबर-26
13	76109864	दिनेश पुत्र रामसहाय चौबे	83600		23-नवंबर-26
14	4001335517	आदर्श तिवारी	432000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर, देवरिया रोड, सलेमपुर 274509	23-नवंबर-26
15	76058633	नितिन जायसवाल	102000		14-दिसंबर-26
16	4000109889	संजय प्रसाद	65000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, अराजी नं. 443/16, मोहद्दीपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश - 273008	23-नवंबर-26
17	76079776	अनिल राय	148500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं. 18, वार्ड नं. 5, आजाद चौक, कप्तानगंज, कप्तानगंज, उत्तर प्रदेश 274301	23-नवंबर-26
18	4001543261	राम नयन भारती	163000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं. 65 / एस.ए., नंदना वार्ड नं. 18, बरहज, देवरिया, उत्तर प्रदेश 274601	14-दिसंबर-26
19	75074530	पूनम त्रिपाठी	70000		14-दिसंबर-26
20	4001321116	अजीत कुमार	199000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मकान नं. 565, पांडेय बाजार, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272002	14-दिसंबर-26
21	76017909	नसरीन सिद्दीकी	237000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. - 521/1, मेहदावल, तहसील - मेहदावल, उत्तर प्रदेश 272271	14-दिसंबर-26
22	75479398	विभ्रत सिंह राजपूत	85000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. - 825, एलआईसी ऑफिस के पास, गोरखपुर रोड, कसया, उत्तर प्रदेश 274402	23-नवंबर-26
23	75159490	संगीता सिंह	77400	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, कोइरी टोला, मेहदावल रोड, इलाहाबाद बैंक के पास, खलीलाबाद, संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश 272175	23-नवंबर-26
24	4000664264	अखिलेश यादव	53500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, रामजानकी मंदिर के पास, दुदही, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश 274302	14-दिसंबर-26
25	4000592586	कमलेश कुमार वर्मा	61000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, मकान नं. 133, वार्ड नं. 9, सम्राट नगर, राज घाट, हर्रैया, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272155	23-नवंबर-26
26	4000574487	नसीम अहमद	43000		23-नवंबर-26
27	76009568	अभिषेक विश्वकर्मा	535700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर, म्युनिसिपल नं. 1721, मोहल्ला कनवजिया, दरबार रोड, पडरौना, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश - 274304	14-दिसंबर-26
28	4000633931	खुशबू जायसवाल	2450000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 122 का भाग, बांसी रोड, बड़े बन, पिंडारी हॉस्पिटल के सामने, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272001	14-दिसंबर-26
29	4000676374	राज कुमार	263000		23-नवंबर-26
30	4001025502	राज कुमार	246000		23-नवंबर-26
31	75954866	ओंकार शर्मा	219000		23-नवंबर-26
32	75445059	राम रतन	153600		23-नवंबर-26
33	75304540	मोनू मिश्रा	114100		14-दिसंबर-26
34	4000782286	शिव नाथ	56000		23-नवंबर-26
35	4001291278	शशिकांत वर्मा	74800	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 106, ग्राम जसई पुर, तहसील हर्रैया, जिला - बस्ती, उत्तर प्रदेश 272131	23-नवंबर-26
36	75756675	संदीप यादव	86500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, कृष्णा नगर, वार्ड नं. 12, थाना रोड, निचलौल, महाराजगंज, उत्तर प्रदेश 273304	23-नवंबर-26
37	4001398515	गंगेश्वर सिंह	253000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 145, ग्राम बलुआ बुजुर्ग, पोस्ट कौड़ीराम, तहसील बांसगांव, जिला गोरखपुर, 273413	23-नवंबर-26
38	75227053	प्रेमलता देवी	232000		23-नवंबर-26
39	75738638	बालाजी साहनी	135000		14-दिसंबर-26
40	75083908	प्रतिमा देवी	133662.24		23-नवंबर-26
41	75915386	कृष्ण मुरारी	93000		14-दिसंबर-26
42	75412013	रेखा कुमारी	80000		23-नवंबर-26
43	74673360	अनिल कुशवाहा	151000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, श्री राम टावर, खसरा नं. 400 का भाग, मेन रोड देवरिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश 274404	14-दिसंबर-26
44	75642399	अजय कुमार	42000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, इमामबाड़ा क्रॉसिंग, रुद्रपुर, देवरिया, उत्तर प्रदेश 274204	23-नवंबर-26
45	4001474310	गुड्डी देवी	90500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, केडिया भवन, मकान नं. - 491, वार्ड नं. 13, मेन मार्केट, श्याम मंदिर रोड, सिसवा बाजार, उत्तर प्रदेश 273163	14-दिसंबर-26
46	4001575032	उमेश कुमार	140000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. - 303, 304, 306, 307, ग्राम - चौरा, तहसील चैरी, चौरा, जिला - गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273201	23-नवंबर-26
47	75484798	यशवंत सिंह	349000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. 727 एवं 728, ग्राम मदापुर समसपुर, परगना, तहसील - घोसी, जिला - मऊ, घोसी, उत्तर प्रदेश 275304	23-नवंबर-26
48	75052566	मनोज कुमार	61400		14-दिसंबर-26
49	75252720	विशाल जायसवाल	751500	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. 115/1 एम, मोहल्ला विलेज, नथमलपुर, परगना-हवेली, तहसील-सदर, इंडस्ट्रियल एरिया के पास, गोरखपुर, उ.प्र.-273015	23-नवंबर-26
50	4001372479	सूरज कुमार गुप्ता	960000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. 1098, मोहल्ला लोहिया नगर, मानकपुर चौराहा, फरेंदा रोड, महाराजगंज, उत्तर प्रदेश 273303	23-नवंबर-26
51	4001076723	पूजा साहनी	215000		23-नवंबर-26
52	76045062	मो. हसन अब्दुलरसीद खान	561700	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, खसरा नं. 460 एवं 461, ग्राम, परगना - रसूलपुर, तहसील - डुमरियागंज, डुमरियागंज, उत्तर प्रदेश 272189	14-दिसंबर-26
53	4001510472	दिनेश कुमार गुप्ता	259000		23-नवंबर-26
54	75634069	गोपाल यादव	54000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मोहल्ला-प्रताप नगर, परगना-बांसी, तहसील-बांसी, सिद्धार्थ नगर, बांसी, उत्तर प्रदेश 272153	23-नवंबर-26
55	4001019773	मुन्ना पुत्र सुखदेव	272000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सेंट्रल बैंक के पास, मेन रोड, आनंद नगर, महराजगंज, आनंद नगर, उत्तर प्रदेश 273155	23-नवंबर-26
56	4001061704	विकाश यादव	161600		23-नवंबर-26
57	4001426991	अखिलेंद्र कुमार यादव	100000		23-नवंबर-26
58	4001009564	जय प्रकाश	81500		23-नवंबर-26
59	4001005774	आरती साहनी	68700		23-नवंबर-26
60	74887588	अबू साद	85000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भारत पेट्रोल पंप के सामने, बिल्डिंग नं. 449, ग्राम बहरामपुर, परगना, बिडहर, पो. - रामनगर महुवारे, उत्तर प्रदेश 224181	23-नवंबर-26
61	4001068744	अभिषेक पांडेय	81000		23-नवंबर-26
62	4001391523	मनोज कुमार	76500		23-नवंबर-26
63	4001514472	किशन कुमार	111000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, एसबीआई के सामने, रामनगर, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, रामनगर, उत्तर प्रदेश 225205	23-नवंबर-26
64	4001367995	अजमत अली कुरैशी	108000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी क्रॉसिंग, असम रोड चौराहा, गुप्ता पेट्रोल पंप के पास, रफी नगर, उतरौला, उत्तर प्रदेश 271604	23-नवंबर-26
65	466448268	वसुंधरा सिंह	123000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 8, भटहट रोड, पिपराइच, गोरखपुर, पिपराइच, उत्तर प्रदेश 273152	23-नवंबर-26
66	75912503	विष्णु कुमार जायसवाल	211000	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, खसरा नं. 122 का भाग, बांसी रोड, बड़े बन, पिंडारी हॉस्पिटल के सामने, बस्ती, उत्तर प्रदेश 272001	14-दिसंबर-26

नीलामी को सख्ती से "जैसा है वहाँ है", "जैसा है वह है", और "जो कुछ है वही है" के आधार पर किया जाएगा। बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी। नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह माना जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (क) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा तुरंत पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है। यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं। नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा।

तारीख: 13.11.2026, स्थान: गोरखपुर **हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड.**